देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 वर्ष 39 अंक 30 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

नासिरा प्रेस
मालवीयनगर–गोण्डा
मो0–9236750993

हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

## 21 सितम्बर तक जमा होंगे दावे और आपत्तियां

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम 4 के अन्तर्गत जनपद में स्थित सम्पत्तियों की पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची आगामी एक अक्टूबर से जनपद गोण्डा में लागू किया जाना है। जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची तैयार कर ली गयी है। जो जनपद के सभी उपनिबन्धक, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)। गोण्डा के कार्यालय में सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ रखी गई है। पुनरीक्षित दरों के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह आगामी 21 सितम्बर सायं 5 बजे तक लिखित रूप से सम्बंधित तहसीलदार, उपनिबन्धक, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गोण्डा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है इसके बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## भाजपा ने लोकसभा-राज्यसभा सांसदों को जारी किया व्हिप

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इस दौरान सरकार चार बिल पेश किए जाएंगे। राज्यसभा की ओर से 13 सितंबर को जारी संसदीय बुलेटिन में इसकी जानकारी दी गई। उधर, 14 सितंबर को भाजपा ने अपने सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है, ताकि सभी सांसद 5 दिन संसद के दोनों सदनों में मौजूद रहें। सत्र के पहले दिन यानी 18 सितंबर को राज्यसभा में 75 सालों की संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, अनुभव, यादों और सीख पर चर्चा होगी। उधर, 17 सितंबर को पीएम नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसी दिन मोदी का जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती है। नए भवन में कामकाज अभी शुरू होना है। सूत्रों के अनुसार, ध्वजारोहण के बाद ही संसद में कामकाज शुरू हो सकेगा, क्योंकि देश के फ्लैग कोड के अनुसार किसी भी सरकारी इमारत को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद ही ये दर्जा मिल पाता है।

**चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश होगा**


विशेष सत्र में राज्यसभा में पोस्ट ऑफिस बिल 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े बिल पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल राज्यसभा में पेश होने के बाद लोकसभा में रखे जाएंगे। इसके अलावा लोकसभा में एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2023 और प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियॉडिकल्स बिल 2023 पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल मानसून सत्र के दौरान 3 अगस्त को राज्यसभा से पास हो चुके हैं। इसके बाद 4 अगस्त को इन्हें लोकसभा में टेबल किया गया, लेकिन वहां मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते ये बिल पास नहीं हो सके।

**17 सितंबर को बुलाई गई सर्वदलीय मीटिंग**

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को बताया कि 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इसमें लोकसभा स्पीकर ओम बिरला विशेष सत्र को सुचारु रूप से चलाने के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांग सकते हैं।

# घमंडिया गठबंधन का मनसूबा सनातन को खत्म करने का है -पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री ने एमपी को दी 50 हजार करोड़ की सौगात, विपक्षी गठबंधन पर किया हमला



बीना (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र में ?10 परियोजनाओं की आधारशिला रखकर 50 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है। बीना में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। इस दौरान पीएम मोदी ने बीना में 50,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इस गठबंधन के पास कोई नेता नहीं है, उन्होंने भारत की संस्कृति पर हमला करने के लिए एक छिपे हुए एजेंडे पर भी फैसला किया है। इंडिया गठबंधन सनातन की संस्कृति को खत्म करने के संकल्प के साथ आया है। पीएम मोदी ने कहा कि किसी देश या राज्य के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ चले और भ्रष्टाचार पर अंकुश रहे। एक समय था जब मप्र की पहचान पिछड़े राज्यों में की जाती थी। आजादी के बाद, जिन लोगों ने सबसे लंबे समय तक मप्र में शासन किया, उन्होंने इसे भ्रष्टाचार और अपराध के अलावा कुछ नहीं दिया।

पीएम ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को जाता है। यह हमारे देश की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। जी20 प्रतिनिधि देश की विविधता और विरासत से प्रभावित हुए। पीएम मोदी ने कहा कि हमने मध्य प्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई, कानून व्यवस्था को स्थापित किया। लोगों को ध्यान होगा कि कैसे कांग्रेस ने बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसा कर रखा था। आज की सरकार में हर घर तक सड़क, बिजली और पानी पहुंच रहा है। आज बड़े-बड़े निवेशक मध्य प्रदेश आना चाहते हैं, नई-नई फैक्ट्री लगाना चाहते हैं। अगले कुछ सालों में मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास की नई ऊंचाईयां छूने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा यह परियोजनाएं इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को ऊर्जा देंगी। परियोजनाओं पर केंद्र सरकार 50,000 करोड़ से अधिक खर्च करने वाली है, आप कल्पना करें कि इतने रुपए हमारे देश के कई राज्यों का कुल बजट भी नहीं होता जितना आज एक कार्यक्रम के लिए भारत सरकार लगा रही है। प्रधानमंत्री ने नर्मदापुरम जिले में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र सहीत 10 परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इसमें इंदौर में 2 आईटी पार्क, रतलाम में एक मेगा औद्योगिक पार्क और राज्य भर में 6 नए औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल हैं।

## यूपी पुलिस व एनएसजी की संयुक्त मॉक ड्रिल में 23 आतंकी ढेर

लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। इस मॉक-ड्रिल में सामने आए लर्निंग पॉइंट्स के आधार पर भविष्य में घटित होने वाली आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में आतंकी घटनाओं से सफलतापूर्वक निपटने के लिए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) और यूपी पुलिस की संयुक्त दो दिवसीय मॉक ड्रिल गांडीव-5 के दूसरे दिन विधानभवन और पुलिस मुख्यालय की सुरक्षा को परखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई मंत्री और शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। तय हुआ कि इस मॉक-ड्रिल में सामने आए लर्निंग पॉइंट्स के आधार पर भविष्य में घटित होने वाली आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जाएगी।

स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश पुलिस तथा एनएसजी के वरिष्ठ अधिकारियों के सक्रिय नेतृत्व में लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस, एटीएस, फायर सर्विस द्वारा संयुक्त रूप से लखनऊ के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर काउंटर टेरर मॉक-ड्रिल की कार्यवाही बुधवार को शुरू हुई थी। बुधवार को चारबाग रेलवे स्टेशन, आलमबाग बस स्टैंड, पलासियो मॉल, ताज होटल, लोक भवन की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के बाद आज सुबह विधान भवन और पुलिस मुख्यालय भवन में मॉक ड्रिल की गई। इसमें स्थानीय पुलिस द्वारा चार, एटीएस की कमांडो टीम द्वारा 18 और एनएसजी द्वारा कुल 23 आतंकवादियों को सांकेतिक रूप से मार गिराया गया, जबकि तीन को गिरफ्तार किया गया। शेष सभी एजेंसियों जैसे फायर सर्विस, एसडीआरएफ, मेडिकल टीम, बीडीडीएस टीम, अभिसूचना इकाई, एसआईबी, स्थानीय प्रशासन, फोरेंसिक टीम आदि द्वारा समय से पहुंच कर अपने से कार्यों को किया गया।

बृहस्पतिवार भोर 2:50 बजे विधान भवन में बम विस्फोट की सूचना एटीएस कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद कमांडो टीम तत्काल वहां पहुंची। स्थानीय पुलिस से घटनास्थल को अपने नियंत्रण में लेकर तलाशी शुरू की गई। इस दौरान सुरक्षा शाखा की बीडीडीएस टीम द्वारा एक आईईडी को बास्केट में रखा तथा दूसरी आईईडी को बरामद किया गया। एसी प्लांट के कंट्रोल पैनल में छिपे दो आतंकवादियों की पुष्टि होने पर स्मोक कैंडल एवं चिली बम का प्रयोग किया गया, लेकिन वे बाहर नहीं आए। तत्पश्चात घटनास्थल एनएसजी के हवाले कर दिया गया। एनएसजी टीम भारतीय वायु सेना के एमआई हैलीकॉप्टर का प्रयोग कर छत के माध्यम से मुख्य हाल में पहुंची तथा शेष आतंकवादियों को सांकेतिक रूप से मार गिराया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, डीजीपी विजय कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन ने 14 न्यूज एंकर्स का बहिष्कार किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने 14 टीवी एंकर्स को बायकॉट करने फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए न्यूज एंकर्स की सूची भी जारी की है।

इन एंकर्स के नाम अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमीश देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत, नविका कुमार, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी और सुशांत सिन्हा हैं। सभी अलग-अलग टीवी चैनल में शो होस्ट करते हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी करके कहा कि हर रोज शाम 5 बजे कुछ टीवी चैनल्स पर नफरत का एक बाजार सजाया जाता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि हम नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे हमारा उद्देश्य है नफरत मुक्त भारत जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया।

# दोषी पाए गए जनप्रतिनिधियों के आजीवन चुनाव लड़ने पर लगे रोक

नई दिल्ली (ईएमएस)। सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक केस से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एमिकस क्यूरी बनाए गए वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को सिर्फ छह साल नहीं बल्कि आजीवन चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने की सफारिश की हैं। शीर्ष अदालत द्वारा एमिकस क्यूरी नियुक्ति के बाद से यह उनकी 19वीं रिपोर्ट है। मुख्य न्यायाधीश सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष पेश होने वाली अपनी रिपोर्ट में हंसारिया ने कहा, सांसद और विधायक आमजन की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक बार नैतिक अधमता से जुड़ा अपराध करते हुए पाए जाने पर, उन्हें उस पद को संभालने से स्थायी रूप से अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। हंसारिया ने अपनी रिपोर्ट में सिविल सेवकों से संबंधित नियमों की ओर इशारा किया है, जो अनैतिक कार्यों से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए कर्मचारियों को बर्खास्त करने का प्रावधान करते हैं और केंद्रीय सतर्कता आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे वैधानिक निकायों से संबंधित कानून का भी जिक्र किया है, जो इसतरह के अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति को शीर्ष पदों पर नियुक्ति के लिए स्पष्ट रूप से अयोग्य घोषित करते हैं।

हंसारिया की रिपोर्ट में तर्क दिया गया है, अगर वैधानिक पद पर किसी भी दोषी अधिकारी या प्राधिकारी की नियुक्ति नहीं हो सकती है, तब तो यह स्पष्ट रूप से मनमाना है कि इसतरह का दोषी व्यक्ति सजा की एक निश्चित अवधि की समाप्ति के बाद फिर से देश या राज्यों के सर्वोच्च विधायी निकाय संसद या विधानसभा/विधानपरिषद में आकर बैठ सकता है। कानून निर्माताओं को इसतरह के कानून के तहत पद संभालने वाले व्यक्तियों की तुलना में ज्यादा पवित्र और अनुल्लंघनीय होना चाहिए।

बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दायर याचिका से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील हंसारिया को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया था। उपाध्याय ने अपनी याचिका में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी, जो एक दोषी सांसद या विधायक को सिर्फ छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराती है।

## मुख्यमंत्री ने एन0एस0जी0 तथा उ0प्र0 पुलिस के संयुक्त अभ्यास 'गाण्डीव-ट' का अवलोकन किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन0एस0जी0) तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आतंकी घटनाओं से सफलतापूर्वक निपटने हेतु किए गए संयुक्त अभ्यास 'गाण्डीव-ट' का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने एन0एस0जी0 की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। एन0एस0जी0 कमाण्डो द्वारा आतंकवादी घटना से निपटने के लिए की जाने वाली कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण भी किया गया जिसका मुख्यमंत्री जी ने अवलोकन किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, पूर्व मंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक श्री विजय कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, स्पेशल डी0जी0 कानून व्यवस्था श्री प्रशान्त कुमार सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कजरीतीज जलाभिषेक के दृष्टिगत रूट का हुआ डायर्वजन

गोंडा। थाना को0नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री दुःखहरन नाथ मंदिर एवं थाना खरगपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री पृथ्वीनाथ मंदिर पर लगभग 12-15 लाख की संख्या में श्रद्धालु/कॉवरियें जल चढाने हेतु सरयू नदी से जल भरकर जनपद के विभिन्न मार्गो से आते है तथा मार्ग के किनारे ही विश्राम करते है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीमावर्ती जनपदों से बड़े वाहनों का डायवर्जन किया जाना आवश्यक है। जिसका रूट निम्नवत है।

**० भारी मालवाहक वाहन/ट्रक आदि के डायवर्जन हेतु-**

1- डायवर्जन हेतु जनपद बाराबंकी की ओर से जनपद बलरामपुर जाने वाले समस्त भारी माल वाहक वाहन जरवल रोड से कैसरगंज, पयागपुर होते हुए श्रावस्ती, बलरामपुर उतरौला जायेंगे।

2- डायवर्जन हेतु उत्तरौला बलरामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बलरामपुर, श्रावस्ती, मुख्यालय बहराइच, पयागपुर, कैसरगंज, जरवल रोड होते हुए बाराबंकी लखनऊ जायेंगे।

3- डायवर्जन हेतु जनपद बहराइच से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज बस्ती होते हुए अयोध्या को जायेंगे।

4- डायवर्जन हेतु अयोध्या से बहराइच, बलरामपुर जाने वाले भारी वाहन अयोध्या, बस्ती. डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए बहराइच को जायेंगे।

5- डायवर्जन हेतु दिनांक 16.09.23 समय 12.00 बजे से दिनांक 19.09.2023 प्रातः 08.00 बजे तक जनपद गोण्डा में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा। अतिआवश्यक सेवाओं वाले भारी वाहन आवश्यकतानुसार बलरामपुर, उतरौला अथवा प्रवेश करेंगे। नबाबगंज (लोलपुर) से प्रवेश करेंगे।

***० छोटे/हल्के वाहनों आदि के डायवर्जन हेतु-***

1- डायवर्जन हेतु जनपद लखनऊ, बाराबंकी से बलरामपुर उतरौला जाने वाले हल्के वाहन जरवल रोड कैसरगंज, पयागपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला जायेंगे।

2- डायवर्सन हेतु जनपद लखनऊ, बाराबंकी से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन जरवल रोड से भभुआ के रास्ते से दाहिने भौरीगंज होते हुए परसपुर-डेहरास-गोण्डा जायेंगे। जनपद गोण्डा के हल्के वाहनों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के वाहनों को प्रवेश न दिया जाये। लखनऊ से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन लखनऊ, अयोध्या होते हुए लोलपुर से जनपद में प्रवेश कर सकते है।

3- डायवर्जन हेतु सरयू घाट (करनैलगंज) से गोण्डा, बडगांव चौराहा तक, करनैलगंज से आर्यनगर, खरगपुर से आर्यनगर, गोण्डा-बहराइच मार्ग पर हर तरह के वाहनों के लिए पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा।

4- डायवर्जन हेतु गोण्डा से लखनऊ जाने वाले हल्के वाहन नवाबगंज,अयोध्या होते हुए लखनऊ जायेंगे। वैकल्पिक मार्ग के रूप में अम्बेडकर चौराहा,जेल रोड, डेहराम, परसपुर, भौरीगंज, भभुआ होते हुए जरवल रोड बाराबंकी/लखनऊ जा सकते हैं।

5- डायवर्जन हेतु बहराइच-बलरामपुर से अयोध्या जाने वाले हल्के वाहन बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, मनकापुर, कोल्हमपुर होते हुए लोलपुर (नवाबगंज) अयोध्या जायेंगे। इसी प्रकार अयोध्या से बहराइच जाने वाले हल्के वाहन लोलपुर, कोल्हमपुर, मनकापुर, उतरौला, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए बहराइच जायेंगे।

6- डायवर्जन हेतु बड़गांव चौराहे से किसी तरह के वाहन गुरूनानक चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, करनैलगंज की तरफ पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेंगे। बडगांव चौराहा से बलरामपुर, बड़गांव चौराहा से उतरौला, बडगांव चौराहा से अयोध्या, मनकापुर मार्ग हल्के वाहनों के लिए खुले रहेंगे।

## माह सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाये जाने के सम्बंध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत

अयोध्या। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि माह सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाये जाने के सम्बंध में विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' है। पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय पोषण माह (01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक) के अन्तर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए उत्तरदायी बनाया गया है। जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वस्थ बालक प्रतियोगिता, गृह भ्रमण व केन्द्र आधारित गतिविधियां जिनका मुख्य फोकस आखिरी त्रैमास की गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु, 0 से 6 माह के कम वजन के शिशु तथा सभी सैम व अल्प वनज बच्चों को सेवाओं से आच्छादित करना, शिक्षा विभाग के सहयोग से पोषण से सम्बंधित स्कूल केन्द्रित गतिविधियां, ग्राम विकास, उद्यान विभाग व पंचायती राज विभाग के समन्वय व सहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्र तथा सामुदायिक भूमि पर पोषण वाटिका को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य व ग्राम्य विकास के सहयोग से ग्राम स्तर पर आयोजित की जाने वाली अन्य गतिविधियों जिनमें पोषण रैली, जल संरक्षण विधियां, रेसिपी प्रतियोगिता होंगी तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी जनजागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

## इस बार रामकथा पार्क में होगा फिल्मी रामलीला का मंचन

डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह

अयोध्या। फिल्मी कलाकारों से सुसज्जित अयोध्या की रामलीला की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार फिल्मी रामलीला का मंचन रामकथा पार्क में होगा। 2018 से लगातार रामलीला का मंचन सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला परिसर में होता आ रहा है। इस बार रामकथा पार्क को चुना गया है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बुधवार को रामकथा पार्क का निरीक्षण कर तैयारियों की रूपरेखा बनाई। सुभाष मलिक ने बताया कि रामलीला मंचन में इस बार भी कई बड़े फिल्मी कलाकार विभिन्न भूमिकाओं में नजर आएंगे। रामकथा पार्क में पत्रकारों से बात करते हुए सुभाष मलिक ने बताया कि रामलीला का आयोजन इस साल 14 से 24 अक्तूबर के बीच होगा। शाम सात से रात 10 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। यह रामलीला का पांचवां संस्करण होगा। हर साल की तरह इस साल भी भक्त निशुल्क रामलीला का मंचन देख पाएंगे।

**पूनम ढिल्लों और रजा मुराद निभाएंगे किरदार**

पूनम ढिल्लों (शबरी), गजिंदर चौहान (राजा जनक), रजा मुराद (अहिरावण), राकेश बेदी (विभीषण), गिरिजा शंकर (रावण), रवि किशन (केवट), वरुन सागर (हनुमान जी), सुनील पाल (नारद मुनी), राहुल भूचर (श्रीराम), लिली सिंह (मां सीता), जिया (ककई), अमिता नागिया (मंदोदरी), ऋतु शिवपुरी (कौशल्या), शिवा (कुम्भकरण) आदि।

**सेटेलाइट चैनलों को अयोध्या की रामलीला का लिंक**

सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार सभी सेटेलाइट चैनलों को अयोध्या की रामलीला का लिंक दे रहे हैं ताकि सभी रामभक्त देश-विदेश में घर बैठकर रामलीला देख सकें। कई यूट्यूब चैनल पर लाइव देख सकते हैं। सोशल मीडिया पर लाइव दिखाया जाएगा। बताया कि पिछले साल 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को देखा था। इस साल उससे ज्यादा देख देखेंगे। इस दौरान मौजूद जगद्गुरू रामदिनेशाचार्य ने कहा कि फिल्मी कलाकारों की रामलीला के जरिए पूरे विश्व में रामकथा प्रचारित हो रही है, यह एक अच्छी पहल है।

***फूड स्टॉल व मेला भी लगेगा***

रामलीला कमेटी के महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि इस साल अयोध्या की रामलीला में फूड स्टॉल और मेले लगाए जा रहे हैं। जिससे आने वाले राम भक्तों को खाने-पीने में दिक्कत ना हो। मेला दोपहर 2 बजे से शुरू हो जाएगा और रात आठ बजे तक संचालित होगा। इस बार फिल्मी रामलीला का और भी भव्य बनाने की कोशिश है।

## शास्त्री महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया



त्रिगुट संवाददाता

गोंडा। स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने अपने विभागीय दिवंगत आचार्यों - पूर्व प्राचार्य डॉ. छोटेलाल दीक्षित, डॉ. बृजभूषण लाल श्रीवास्तव, डॉ. अनंत रघुनाथ सहस्त्रबुद्धे - की स्मृति को समर्पित तीन अलग-अलग प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं। मानक शब्द लेखन प्रतियोगिता, लघु कथा लेखन प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता। लघु कथा लेखन प्रतियोगिता और मानक शब्द लेखन प्रतियोगिता में 48 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कविता पाठ प्रतियोगिता में 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रोशनी दूबे, एम.ए. तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, प्रिया शुक्ला, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय और नंदिनी शुक्ला बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सच्ची सिंह और खुशी गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. बी.पी. सिंह ने हिंदी विभाग एवं समस्त विद्यार्थियों को इस अवसर पर बधाई दी। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने हिंदी की असाधारण प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी विश्वभाषा बनने की ओर अग्रसर है। अपने देश में किंचित राजनीति होती रहती है, फिर भी हिंदी लोगों के दिलों पर राज कर रही है और अपनी आंतरिक शक्ति से विजयिनी बनी हुई है।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक का दायित्व प्रो. संजय कुमार पांडेय, अध्यक्ष, गणित विभाग, प्रो. अमन चंद्रा, अध्यक्ष इतिहास विभाग और प्रो. मंशाराम वर्मा अध्यक्ष संस्कृत विभाग ने निभाया।

सभागार में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को उपहारस्वरूप गोंडा के इतिहास पर अजय सिंह लिखित %घाघरा पार% पुस्तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो. जयशंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. पवन कुमार सिंह और डॉक्टर मुक्ता टंडन भी उपस्थित रहे।

# हड्डी जोड़ स्पाइन मरीजों को जिला अस्पताल में मिलेगी सुविधा-डॉ अतुल सिंह

डॉ0कल्प राम त्रिपाठी



गोंडा। गरीबी व वृद्धावस्था से जूझ रहे कुछ हड्डी जोड़ व स्पाइन मरीजों को लखनऊ का चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन अब जिला अस्पताल में उनका सकुशल इलाज डॉ अतुल सिंह द्वारा जून से ही किया जा रहा है क्योंकि जिला अस्पताल में ऐसे हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी थी इसलिए मरीज को लखनऊ तक दौड़ लगाना पड़ता था जिससे कई मरीजों की रास्ते में मौत हो गई है।और कई मरीजों का समय से इलाज न होने के कारण इंफेक्शन फैल जाने से हाथ पैर भी कटवा कर गवना पड़ा है। डॉ अतुल सिंह हड्डी जोड़ व स्पाइन के विशेषज्ञ है वृद्धावस्था व गरीबी से झेल रहे बहुत ऐसे मरीज हैं जिनका ऑपरेशन व इलाज कर स्वस्थ किया है डॉ अतुल सिंह 14 जून 2023 को जिला अस्पताल में ऑर्थो सर्जन विशेषज्ञ के रूप में ज्वाइन किया है उसी के बाद से Spine.. सर्जरी, घुटने का प्रत्यारोपण, कूल्हे का प्रत्यारोपण, हड्डी व जोड़ इन्फेक्शन, बच्चों के टेढ़े पर, पीठ व कमर में दर्द, जोड़ों का दर्द, (गठिया), sciatica का टीके से इलाज, कंधे का प्रत्यारोपण, illizarow technique इस सभी भयंकर बीमारी से जूझ रहे दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों का इलाज लगातार जिला अस्पताल के कमरा नंबर 30 में डॉ अतुल सिंह द्वारा जून से कार्यभार ग्रहण करने के बाद से इलाज किया जा रहा है जिसको लेकर मरीज को अब लखनऊ का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। डॉ अतुल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरा उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के हड्डी जोड स्पाइन मरीजों का कुशल इलाज करना क्योंकि बहुत ऐसे लोग हैं जो गरीब व वृद्धावस्था से जूझ रहे हैं उनकी आयु भी 90 वर्ष से अधिक हो गई है उसके बावजूद मेरे द्वारा सकुशल ऑपरेशन कर स्वस्थ किया गया है सरकार स्वास्थ्य विभाग में तमाम प्रकार की व्यवस्था कर रखी है जिससे मरीजों का इलाज हो सके। बहुत से मरीज गोंडा से लेकर लखनऊ तक कई डॉक्टरों ने ऑपरेशन को लेकर उन्हें जवाब भी दे दिया था उसके बावजूद मेरे द्वारा जिला अस्पताल में ऑपरेशन व दवा इलाज कर उनको भी स्वस्थ किया गया है।

## अवैध कच्ची शराब की छापेमारी में 150 किलो लहन तथा 04 अभियोग पंजीकृत किये गये



त्रिगुट संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम कोलुहा थाना इटियाथोक, ग्राम भौरहा थाना छपिया, ग्राम मजहन पुरवा, सखीपुर थाना नवाबगंज एवम ग्राम खालेकोचा थाना करनैलगंज में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 सदर, क्षेत्र 2 मनकापुर, क्षेत्र 3 तरबगंज, क्षेत्र 4 करनैलगंज की टीमों द्वारा दबिश/प्रवर्तन कार्य किया गया।

उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान 48 लीटर कच्ची शराब बरामद तथा 150 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया, तथा 04 अभियोग आबकारी अधिनियम की धारा 60 में पंजीकृत किये गये।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का श्रम मंत्री अनिल राजभर ने किया निरीक्षण

## झील के चारों ओर पाथ-वे निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कराने के दिये निर्देश





त्रिगुट संवाददाता

बहराइच। मा. मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग श्री अनिल राजभर ने जनपद भ्रमण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पहॅुच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की निर्माणाधीन विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव जी की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायज़ा लेते हुए कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान मा. मंत्री ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें।

श्री राजभर ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। श्री राजभर ने कहा कि सरकार की नजर में यह काम कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इस भव्य परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया और इस मौके पर खुद हमारे मुख्यमंत्री जी उपस्थित थे। श्री राजभर ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर आज हम यहां यह देखने आये हैं कि कार्य की प्रगति क्या है। उन्होंने कहा कि स्मारक स्थल के निर्माण में धन की कमी आड़े नहीं आयेगा। स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए श्री राजभर ने निर्देश दिया कि स्मारक स्थल की भव्यता के अनुसार यहां पर लैण्ड स्लाईडिंग व ग्रासिंग का कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि लैण्ड स्लाईडिंग व ग्रासिंग के कार्य में वन व उद्यान विभाग की मदद ली जाय। चित्तौरा झील के निरीक्षण के दौरान मा. मंत्री ने राजस्व विभाग को झील की पैमाईश कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि झील के चारों ओर पाथ-वे के साथ-साथ झील की साफ-सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिया गया कि परिसर में फसाड लाईट तथा वीआईपी गेस्ट हाउस तथा हाल के साज-सज्जा के लिए प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिये। मा. मंत्री ने कहा कि बहराइच-गोण्डा मार्ग से स्मारक स्थल को कनेक्ट करने हेतु सड़क का चौणीकरण कार्य भी कराया जायेगा।

इस अवसर पर पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, कार्यदायी संस्था सी.एण्डडीएस के स्थानिक अभियन्ता भानु प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा सौरभ पाण्डेय, उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम के सहा.अभि. रजनीश सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडीओपी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत आयोजित होगा प्रशिक्षण

बहराइच। मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच के प्राचार्य श्री छत्तर सिंह ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बहराइच के अधीनस्थ श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी एवं अयोध्या जनपदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक जनपद एक उत्पाद तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत चिन्हित उद्योगों यथा बढ़ई, कुम्हार, लोहार, सोनार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, गुड़ उत्पाद (जैगरी), फर्नीचर एवं ट्राइबल क्राफ्ट (जनजातीय शिल्प) में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 16 सितम्बर 2023 निर्धारित है। प्राचार्य श्री सिंह ने बताया कि टी.ओ.टी. धारक/प्रशिक्षित प्रमाण-पत्र प्राप्त इच्छुक अभ्यर्थी अपने भरे हुए आवेदन-पत्र वांछित अभिलेखों के साथ 16 सितम्बर 2023 तक मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच में जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी चयन हेतु 18 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित होने वाले साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को अपने मूल अभिलेख, प्रमाण-पत्र, बैंक सम्बन्धी प्रपत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज 02 अदद फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### जिले की 02 न्याय पंचायतों में सचालित होगा ''सेवा से संतृप्तिकरण'' अभियान

बहराइच। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की पहल पर 14 सितम्बर 2023 को ब्लाक विशेश्वरगंज अन्तर्गत न्याय पंचायत लखनगोंडा के समस्त ग्राम पंचायतों राजापुरगिरन्ट, बनघुसरा, गुजरा, चंदईपुर, लखनगोंडा, फतेपुरवा, प्रतापपुरतरहर, शिवपुरबैरागी तथा न्याय पंचायत गंगवल की ग्राम पंचायत झूरीकुईया, जमुनहाकला, शेखापुर, मांगुदेवर, मनिकपुर, जैसोरा, गंगवल व दिगितपुरवा में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया जायेगा। डीएम ने न्याय पंचायत के सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का भरपूर लाभ उठाएं।

### अभ्यर्थी चयन हेतु साक्षात्कार 15 सितम्बर को

बहराइच। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच में 15 सितम्बर 2023 को आहूत किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि नाई, कुम्हार व टोकरी बुनकर, मोची, बढ़ई, लोहार व राजमिस्त्री ट्रेड हेतु पूर्वान्ह 11:00 बजे से साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र, आधार, बैंक पासबुक, एक फोटो, प्रधान, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष/सदस्य द्वारा निर्गत पारम्परिक कारीगर होने के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी प्रस्तुत करना होगा।

### इलाज के दौरान दो माह की बच्ची की मौत, परिजनों का अस्पताल पर हंगामा

हाथरस। शहर के आगरा रोड स्थित श्री दाऊजी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को उपचार के दौरान एक दो माह की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर कोतवाली सदर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव हरदपुर निवासी विशाल की दो माह की बेटी प्रतीक्षा की सोमवार की सुबह तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए शहर के आगरा रोड स्थित श्री दाऊजी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के बाद परिजन उसे घर ले गए। घर पहुंचने पर एकाएक बच्ची की तबीयत फिर से बिगड़ गई। परिवार के लोग फिर बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया कि समय रहते बच्ची का इलाज शुरू नहीं किया और बच्ची को इंजेक्शन लगाया, जिसके रिएक्शन से बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। बच्ची का सही उपचार किया गया। बच्ची को परिजन फिर से अस्पताल लेकर आए तो उसे बचाने की पूरी कोशिश की गई। परिजनों के आरोप निराधार हैं। डॉ. अंकित गुप्ता, दाऊजी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, मामा-भांजे की मौत और दो घायल, चालक मौके से फरार

जालौन। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां विपिन और नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, नारायण व मोहित को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उरई में सड़क के किनारे बाइकें खड़ी कर बात कर रहे चार युवकों को कार ने टक्कर मार दी। जिससे सभी लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतक मामा-भांजे थे। घायलों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। कार चालक मौके से भाग गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुफैलपुरवा कुइया रोड निवासी विपिन उर्फ अवधेश (40) सोमवार की शाम अपने भांजे तुफैलपुरवा निवासी नरेंद्र राजपूत (35) व तुफैलपुरवा निवासी दोस्त मोहित (25) बजरिया निवासी नारायण (30) के साथ अलग अलग बाइकों से राठ रोड स्थित नेशनल हाईवे के पास प्लॉट देखने गए थे। जब सभी लोग घर वापस लौट रहे थे, राधे मोटर्स के पास खड़े होकर बातचीत करने लगे। उसी समय कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां विपिन और नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, नारायण व मोहित को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### पौने चार करोड़ से होंगे विकास कार्य

ऊंचाहार (रायबरेली)। ब्लॉक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने अपने गांवों में विकास कार्य के लिए मुद्दा उठाया। सर्वसम्मति से बैठक में नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग व घाटों के सुंदरीकरण के लिए पौने चार करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास हुए। विकास कार्य होने से गांव के लोगों को राहत मिलेगी। बैठक में पचखरा ग्राम प्रधान सीता देवी ने आदर्श बाजार का सुंदरीकरण कराने की मांग उठाई। वहीं कंदरावां की बीडीसी सदस्य सीतापति ने गांव में पात्रों को प्रसाधन न मिलने का मुद्दा उठाया। ब्लॉक प्रमुख सत्याभामा मौर्या ने जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पात्रों को प्रसाधन दिलाने का निर्देश दिया। शहजादपुर ग्राम प्रधान आशा देवी ने बादशाहपुर घाट के सुंदरीकरण व गोला घाट के लिए इंटरलॉकिंग बनवाने व अरखा गांव के बीडीसी सदस्य आशीष पांडेय ने बीडीसी सदस्यों पर हो रहे हमलों को रोके जाने व उनको सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। बैठक में बलिकरन पटेल, दिनेश पाल, पुष्पा सिंह, सुमन देवी, विजय यादव, आरके गौतम, मोनू कुमारी, राम मनोहर ने अपने-अपने गांवों में नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, पेयजल, प्रसाधन की व्यवस्था न होने की बात उठाई। इसके बाद सर्वसम्मति से लगभग तीन करोड़ 76 लाख रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मुहर लगी। ब्लॉक प्रमुख ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि क्षेत्र पंचायत विकास के लिए आने वाली धनराशि शत-प्रतिशत गांवों में लगाई जाएगी। विकास कार्यों से कोई गांव अछूता नहीं रहेगा।

### बैठक में बाहरी लोगों को बुलाया, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ऊंचाहार (रायबरेली)। ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक के बाद भाजपा नेता व मदारीपुर के बीडीसी सदस्य अभिलाष चंद्र कौशल की अगुवाई में कुछ बीडीसी सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बैठक को अवैध करार दिया और कहा कि इसमें बाहरी लोगों को बुलाया गया। बीडीसी सदस्य ने एसडीएम से बैठक निरस्त कराने की मांग की। भाजपा नेता ने एसडीएम को बताया कि ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ 15 नवंबर को अविश्वास हो गया है, जिसकी रिट भी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। 75 में 56 बीडीसी विरोध में है। इसलिए बैठक में बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर शामिल किया गया है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

### निरीक्षण में खराब मिले जेल के कैमरे

मुरादाबाद। जिला जज डॉ. अजय कुमार, डीएम मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना ने बुधवार शाम जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को चार कैमरे खराब मिले। जेल अधिकारियों को तुरंत कैमरे ठीक कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बैरकों में बंदियों से मुलाकात की। जिला जज और डीएम ने मॉनिटरिंग सेल में लगे कैमरों के बारे में जानकारी ली। जिसमें चार कैमरे खराब पाए गए। डीएम ने कैमरे ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल चाल लिया और डॉक्टरों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। तीनों अधिकारियों ने पाकशाला में बन रहे खाना की गुणवत्ता का जायजा लिया।

## कजरी तीज त्यौहार के दृष्टिगत तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

बहराइच। कजरी तीज त्यौहार को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेउट मोनिका रानी द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्टेउट के रूप में लगा दी गयी है। जिला मजिस्टेउट द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी व जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मरी माता मन्दिर सरयू तट से लेकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र बहराइच में भ्रमणशील रहते हुए कांवरिया दल के साथ-साथ रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। उप जिला मजिस्टेउट सदर पूजा यादव व तहसीलदार सदर अभय राज पाण्डेय, सिद्धनाथ मन्दिर के अन्दर व अगल-बगल एवं सड़क मार्ग पर व सड़क मार्ग से मन्दिर की ओर प्रवेश मार्ग एवं बाहर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियन्त्रित रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर व सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार मरी माता मन्दिर सरयू तट से लेकर किसान डिग्री कालेज तिराहा एवं पानी टंकी चौराहा से अस्पताल चौराहा गुरूनानक चौक तक भ्रमणशील रहते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था को नियन्त्रित रखेंगे। इसके अतिरिक्त सहायक निबन्धक सहकारी संजीव तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी व सहायक चकबन्दी अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद अस्पताल चौराहा गुरू नानक चौक लेकर डिगिहा तिराहा, अग्रसेन तिराहा, छावनी चौराहा होते हुए सिद्धनाथ नाथ मन्दिर तक तथा चकबन्दी अधिकारी बहराइच महेन्द्र सहाय, सहायक चकबन्दी अधिकारी, बहराइच राजेश कुमार सोनी व गया प्रसाद किसान डिग्री कालेज से लेकर रोडवेज बस स्टेशन, पीपल तिराहा होते हुए घंटाघर चौक, निकट सिद्धनाथ मन्दिर तक बराबर भ्रमणशील रहते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कड़ी निगरानी रखेंगे।

समस्त उप जिला मजिस्टेउटों को निर्देश दिया गया है कि 18 सितम्बर 2023 को प्रातः 04:00 बजे से अपनी-अपनी तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थित नदियों के प्रसिद्ध घाटों एवं शिव मन्दिरों, जहां-जहां जलभिषेक हेतु भीड़ भाड़ लगती है, वहां पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार अपने स्तर से ड्यूटी लगाकर थानाध्यक्ष/पुलिस क्षेत्राधिकारी से समन्वय रखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे।

## निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध-डीएम

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों हेतु जनपद में 15 व 16 सितम्बर 2023 को सरल ऐप के माध्यम से सम्पन्न होने वाले निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर असिस्मेन्ट टेस्ट को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि टेस्ट के दौरान शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय। टेस्ट के दौरान बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षा मित्र, अनुदेशक व रसोईया मोहल्ला, वार्ड, पुरवा व मजरावार घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि टेस्ट में सभी बच्चे सम्मिलित हों। इस सम्बन्ध में शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया गया कि वे भी मोबाइल के माध्यम से अभिभावकों से वार्ता कर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरल ऐप के माध्यम से सम्पन्न होने निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट शिक्षकों की क्षमता आंकलन के कदापि नहीं है। इसलिए कोई शिक्षक घबराएं नहीं बल्कि ऊंचे मनोबल के साथ शुचिता पूर्ण तरीके से टेस्ट को सम्पन्न कराएं। डीएम ने कहा कि टेस्ट की अहमियत का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि टेस्ट में प्राप्त होने वाले परिणाम के आधार पर ही शिक्षा नीति तैयार करने में मदद मिलेगी ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित समयसारिणी वर्ष 2026-27 तक निपुण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। डीएम ने बैठक में मौजूद खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (ए.आर.पी.) व स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एस.आर.जी.) को निर्देश दिया कि नकल विहीन एवं पारदर्शी आंकलन हेतु राज्य परियोजना निदेशक की ओर से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा प्रत्येयक दशा में प्रश्न पत्रों की गोपनीयता प्रभावित न होने दें।

डीएम ने सभी जिम्मेदारान को निर्देश दिया कि आकांक्षात्मक जनपद होने के नाते निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को चुनौती के रूप में स्वीकार किया जाय। जिले में शैक्षिक विकास के मूल्यांकन हेतु इस टेस्ट को एक अवसर के रूप में स्वीकार करें। डीएम ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व होगा टेस्ट के समय वह छात्रों के लिए शिक्षक के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भूमिका का निर्वहन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के मद्देनज़र पूरी ईमानदारी के साथ टेस्ट को सम्पन्न कराएं ताकि हकीकी तस्वीर सामने आ सके। डीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की भांति निपुण असेस्मेन्ट टेस्ट को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न् कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। डीएम ने कहा कि असेस्मेन्ट टेस्ट हेतु जिला व ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती के साथ-साथ फ्लाईंग स्क्वायड दलों का गठन किया जायेगा। डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय के लिए उसी ब्लाक के किसी दूसरे विद्यालय के सहायक अध्यापक को पर्यवेक्षक नामित कर दें तथा यह भी सुनिश्चित कराएं कि परीक्षा से 15 मिनट पूर्व पर्यवेक्षक, हेड मासटर व अन्य अध्यापकों की उपस्थिति में प्रश्नपत्र के बन्द पैकेट को खोला जाए। परीक्षा के समय नेटवर्क की उपलब्धता हेतु माकूल बन्दोबस्त किये जाए। डीएम ने बच्चों की संख्या के अनुसार ओ.आर.एम. शीट व प्रश्न-पत्रों की आवश्यकता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक का संचालन डायट प्राचार्य उदयराज यादव ने किया।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार, अरूण कुमार वर्मा, राज किशोर, जगन्नाथ यादव, विभा सचान, वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी, संतोष कुमार सिंह, मनमोहन सिंह, समस्त ए.आर.पी. व एस.आर.जी. सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किये जायेगें विविध कार्यक्रम

बहराइच संवाददाता

बहराइच। बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्ग 11 अक्टूबर 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के सन्दर्भ में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार देर शाम आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में ब्लाकवार सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों की बालिकाओं के मध्य कक्षा 06 से 08, 09 से 10 एवं कक्षा 11 से 12 मे मध्य चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं की थीम पर किया जाय।

जिसमें श्रेष्ठतम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। साथ में यह भी निर्देश दिया कि 2022-23 में उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में प्रथम दस स्थानों पर आने वाली बालिकाओं को भी उक्त दिवस में सम्मानित किया जायेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की छात्राओं को मेट्रो म्युजिक एकेदमी की सोनी श्रीवास्तव द्वारा नृत्य एवं गायन में प्रशिक्षित कर अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नृत्य, देव वंदना एवं देश भक्तिपरक गीतों के द्वारा बालिकाओं द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जायेगा। जनपद में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

## नाले की दीवार गिरी, भूखंड व खेत हुए जलमग्न

हाथरस। लगातार हुई बारिश भले ही थम गई हो, लेकिन बारिश के बाद से कच्चे मकान, दीवार व छतों के गिरने का चल रहा सिलसिला जारी है। रविवार रात शहर के तरफरा रोड स्थित एक नाले की दीवार बारिश के चलते गिर गई। इससे नाले के आसपास के खाली पड़े भूखंड और खेतों तक नाली का पानी पहुंच गया। कई-कई फुट तक नाले का गंदा पानी जमा होने की वजह से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों में नगर पालिका परिषद प्रशासन के खिलाफ खासा आक्रोश है। बता दें कि बीते सप्ताह तीन दिन तक जिले में रुक-रुककर कभी झमाझम तो कभी रिमझिम बारिश हुई थी। बारिश के चलते जिलेभर के अलग-अलग स्थानों पर कई कच्चे मकान, छत व दीवार धराशायी हो गए। जिसके चलते मलबे में दबकर कई लोग चोटिल हो गए तो कई लोगों का हजारों रुपये का नुकसान हो गया। शहर के तरफरा रोड पर एक नाले की दीवार धराशाई हो गई। इससे नाले का पानी खाली भूखंड और खेतों तक पहुंच गया। पूरे दिन यहां जलभराव की समस्या बनी रही। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों द्वारा तुरंत इसकी सूचना नगर पालिका प्रशासन को भी दे दी। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## दंगल अयोजक बनने को लेकर भाजपाइयों में दंगल, आलाकमान तक लगा रहे सिफारिश

हाथरस। मेला श्री दाऊजी महाराज 21 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही है। मेले में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मेले के प्रमुख आकर्षण दंगल के आयोजन के लिए काफी जोर आजमाइश चल रही है। कार्यकर्मों के लिए करीब 138 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मेला श्री दाऊजी महाराज में कार्यक्रमों के संयोजक तय करने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी। दंगल का संयोजक बनने के लिए कई भाजपा नेता आमने-सामने आ गए हैं और उन्होंने आवेदन किए हैं। दंगल की शुरुआत से पहले भाजपाइयों के बीच ही दंगल होने के आसार बन गए हैं। मेला श्री दाऊजी महाराज 21 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही है। मेले में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मेले के प्रमुख आकर्षण दंगल के आयोजन के लिए काफी जोर आजमाइश चल रही है। कार्यकर्मों के लिए करीब 138 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में दंगल, खाटू श्याम भजन संध्या, हास्य शो, पंजाबी दरबार, संगीत सम्मेलन, देवी जागरण के लिए कई-कई आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन कार्यक्रमों को लेने के लिए आवेदक हर तरह की जोर आजमाइश कर रहे हैं। दंगल के लिए भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने आवेदन किए हैं। अब दंगल के लिए हर आवेदनकर्ता पार्टी उच्च पदाधिकारियों से लेकर आलाकमान तक की सिफारिश लगाने में लगा हुआ है। मेला संयोजक फाइनल करने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे से अहम बैठक होगी। इस बैठक में आवेदनकर्ता, कार्यक्रमों के बनाए जाने वाले समन्वयकों कार्यकमों के आवंटन को लेकर विचार विमर्श होगा।

## ददरी गांव में चार दिनों से बिजली-पानी का संकट

जालौन। ददरी गांव में फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर चार दिन बाद भी बदला नहीं जा सका। जिससे 200 घरों में बिजली- पानी की संकट बना हुआ है। बिजली न आने से गुस्साए उपभोक्ताओं ने विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। डकोर ब्लॉक के ग्राम ददरी में चार बिजली ट्रांसफार्मर रखे हैं। जो पूरे गांव में बिजली सप्लाई करते हैं। चार दिन पहले आंगनबाड़ी केंद्र के पास रखा 63 केवी का ट्रांसफार्मर अचानक तेज आवाज के साथ फुंक गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग अधिकारियों को दी थी। लेकिन अभी तक बदला नहीं जा। 63 केवी के ट्रांसफार्मर खराब होने से 200 घरों में अंधेरा पड़ा।

गांव निवासी नरपत सिंह, फूलसिंह, शिवकुमार, महेश, इंद्रपाल, हरिसिंह, निर्दोष, गोपाल, चरन सिंह, रामकुमार, पवन, संतोष, जयहिंद, राधाचरण, कौशल किशोर, देवसिंह राजपूत आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने से पानी के लिए सबसे ज्यादा परेशान होने पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी उसको नहीं बदला गया। बारिश का समय चल रहा है। रात के समय कीड़े मकोड़े निकलते हैं। उनका भी डर रहता है। अवर अभियंता संतोष कुमार का कहना है कि जानकारी मिली है। जल्द फुंके हुए ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा।

## सिर में चोट लगने से हुई थी छात्र की मौत

जौनपुर। क्षेत्र के सेमरहो गांव निवासी हाईस्कूल के छात्र की विद्यालय से घर लौटते समय हुई मौत के मामले में सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। इसमें छात्र के सिर में गहरी चोट के चलते मौत होना बताया गया है। वहीं विद्यालय की सुरक्षा को देखते हुए पीएसी तैनात कर दी गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम में चोट के निशान मिलने से घटना के पीछे के पहलु जानने के लिए पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ रही है।

सेमरहो गांव निवासी हीरालाल सरोज का 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार सरोज बंधवां बाजार स्थित कंचन बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। शनिवार को स्कूल में छुट्टी के बाद गेट के पास गिरने से उसकी मौत हो गइ्र्ई। परिजन छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे थे। जबकि स्कूल प्रशासन साइकिल से गिरकर मौत होना बता रहा था। बाद में लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मीरगंज उदय प्रताप सिंह के समझाने बुझाने पर भी परिजन नहीं माने तो उच्चाधिकारियों को बुलाया गया। जिसके बाद एसडीएम मछ्लीशहर राजेश चौरसिया व सीओ अतर सिंह मौके पर पहुंचे और विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामला शांत कराया। करीब तीन घंटे बाद जाम समाप्त हो सका था। पुलिस की कड़ी मशक्क्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सोमवार को स्कूल में बच्चे भी नहीं आए। स्कूल पूरी तरह बंद रहा। पीएसी के जवान भी स्कूल परिसर डटे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट से मौत होना बताया गया है। इसी आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## चित्र प्रदर्शनी का अन्तिम दिन रहा छात्र-छात्राओं के नाम



बहराइच। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहॅुचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में 11 से 13 सितम्बर तक लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अन्तिम दिन डिवाईन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं व महिला पीजी कालेज की छात्राओं सहित नगर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटियों, युवाओं, महिलाओं एवं रोज़गारपरक तथा फ्लेक्सी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी), विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना, गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

इसी प्रकार हुनर को सम्मान, मिली नई पहचान, एक जनपद एक उत्पाद योजना, सशक्त पंचायत, सशक्त प्रदेश, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना, सबके साथ खड़े, सबके साथ बढ़े, वृद्धा आश्रम, स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर के लिए महिलाओं का सम्मान उज्वला योजना, डिजिटल प्रदेश स्मार्ट प्रदेश, मेधावी छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण, जरूरतमंद गरीबों को छत, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, डेटा सेण्टर हब, डिफेन्स कारीडोर, निवेश का सुरक्षित परिवेश इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये हैं।

त्रिगुट
शुकवार 15 सितम्बर 2023

## सरकार ऐसा कोई कानून नहीं बना सकती, जिसमें मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो

सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों वाली संवैधानिक पीठ ने सोमवार को एक अहम फैसला दिया है। संविधान पीठ में जस्टिस संजय किशन कोल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अभय एस ओका,जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस जेके माहेश्वरी शामिल थे। संविधान पीठ ने सुब्रमण्यम स्वामी के मामले में धारा 6 ए ( 1 )को रद्द कर दिया है। संवैधानिक पीठ ने यह भी कहा है,कि कानून में शामिल होने की तिथि 1 सितंबर 2003 से यह फैसला लागू माना जाएगा। संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 13( 2 ) के अंतर्गत इसे अस्तित्वहीन माना है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अनुच्छेद 13( 1 )के अनुसार संविधान लागू होने के पहले सभी कानून, जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते होंगे। वह शून्य माने जाएंगे। संविधान लागू होने के बाद 13( 2 ) के अनुसार सरकार ऐसा कोई कानून नहीं बना सकती है, जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता हो। कोई भी ऐसा कानून जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता होगा। वह जिस हद तक उल्लंघन करता होगा। उस हद तक शून्य माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट मौलिक अधिकारों को लेकर इस तरह की व्याख्या और फैसला इसके पूर्व भी कई बार कर चुका है। भ्रष्टाचार में संयुक्त संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के अधिकारी अब कानूनी कवच के सहारे बच नहीं पाएंगे। उनके ऊपर भी वह सभी कार्रवाई हो सकेगी। जो संयुक्त सचिव स्तर के कम अधिकारी के ऊपर होती है। जांच एजेंसियां अब सरकार की अनुमति के बिना भी कार्यवाही कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने कानून में संशोधन करके 2003 में डीएसपी एक्ट में धारा 6ए ( 1 ) जोड़ी थी। जिसमें संयुक्त सचिव अथवा उससे ऊपर के अधिकारी के खिलाफ जांच या कार्रवाई केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बगैर नहीं की जा सकती थी। संयुक्त सचिव से ऊपर के अधिकारियों पर कार्रवाई करने के पूर्व सरकार की इजाजत जरूरी थी। संविधान पीठ के इस फैसले से दो बातें बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारें ऐसा कोई कानून नहीं बन सकती हैं। जो मौलिक अधिकारों का हनन करता हो। ऐसी कोई नियम भी नहीं बनाए जा सकते हैं, जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मौलिक अधिकारों का हनन करते हों। ऐसा कोई एडमिनिस्ट्रेटिव आदेश भी जारी नहीं किया जा सकता है, जो मौलिक अधिकारों का हनन करता हो। यदि ऐसे कानून नियम और आदेश हैं, तो वह भूतलछी प्रभाव से निष्प्रभावी माने जाएंगे।

पिछले 70 सालों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले कई कानून और नियमों को निरस्त करने के कई फैसले सामने आए हैं। जिसमें सरकारों द्वारा बनाए गए कानून और नियमों को चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने सदैव संविधान की अनुच्छेद 13( 1 ) के अनुसार मौलिक अधिकारों को सर्वोच्च स्थान पर रखते हुए, वह सभी नियम और कानून निरस्त किए हैं। केंद्र सरकार द्वारा 2003 में जो संशोधन किया गया था। उसको सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। इस फैसले के बाद अब भ्रष्टाचार के आरोप में छोटे और बड़े सभी आरोपियों पर कार्यवाही बिना सरकार की अनुमति के की जा सकेगी। संयुक्त सचिव स्तर से ऊपर के अधिकारी अभी इस संरक्षण के कारण भ्रष्टाचार के मामलों में जांच और कार्रवाई से बचे रहते थे। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें कार्यवाही की अनुमति नहीं देती थी। जिसके कारण भ्रष्टाचार के मामलों में कार्यवाही नहीं हो पाती थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निश्चित रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मौलिक अधिकारों के हनन करने वाले जो कानून होते हैं। उन्हें न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। न्यायालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जा सकता है, कि जो नियम कानून बनाए गए हैं। ऊनमे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कहीं मौलिक अधिकारों का हनन तो नहीं हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐसे समय पर आया है। जब केंद्र सरकार बिना कानून बनाए बहुत सारे नियम एडमिनिस्ट्रेटिव आदेश के जरिए लोगों पर थोप रही है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा जो फैसले कैबिनेट के माध्यम से लागू कराए जा रहे हैं। उन पर भी रोक लग सकेगी।जीएसटी कानून और अन्य कानून में जिस तरह से रोजाना सरकार एडमिनिस्ट्रेटिव आदेश के जरिए परिवर्तन करती है। उन नियमों के जरिए भी मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को इस तरह के मामलों में त्वरित सुनवाई कर,यदि फैसले दिए जाएंगे। तो लोगों के मौलिक अधिकारों का संरक्षण होगा। जो उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त है। अन्यथा नागरिकों के ऊपर सरकारों द्वारा बनाए गए नियमों से आर्थिक, संविधान द्वारा प्रदत्त निजी स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, संपत्ति के अधिकार इत्यादि के मौलिक अधिकारों का संरक्षण बना रहेगा।

## जीवन एक क्रिकेट मैच

प्रांतिकारी संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है। कभी-कभी कुछ आप्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी का नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। उक्त प्रेरक विचार उन्होंने प्रवचनमाला में व्यक्त किए। हाथों में मोबाइल हो न हो, चेहरे पर स्माइल हर हाल में होना चाहिए। आदमी स्मार्ट मोबाइल से नहीं, मुस्कुराहट से बनता है। हँसना पुण्य है और हँसाना परमपुण्य है। जब आप हँसते हैं तो आप ईश्वर की आराधना करते हैं। जब आप किसी रोते हुए को हँसाते हो तो ईश्वर आपकी आराधना करता है। दुनिया के सामने रोने की आवश्यकता नहीं है। जब पाँच सेकंड मुस्कुराने से फोटो अच्छी आ सकती है तो जिंदगी भर मुस्कुराने से जिंदगी क्यों नहीं अच्छी हो सकती। राजनीतिक लोग पार्टियाँ बदल लेते हैं, बैनर बदल लेते हैं, भाषण बदल जाता है, टोपी बदल जाती है, लेकिन टोपी के नीचे जो खोपड़ी है वही नहीं बदलती। मैं कहता हूँ टोपी को नहीं, खोपड़ी बदलो। आप अपने से बेखबर हैं, कानों के साथ आँखों का उपयोग किया करो। किसी ने कहा है वो दिल के बहुत अच्छे हैं, लेकिन कानों के कच्चे हैं। आदमी सुनी-सुनाई बातों पर यकीन कर लेता है और बरसों की दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है।

# अदालतों से मिलने वाली लताड़ की अब ममता सरकार को आदत-सी पड़ गयी है

योगेंद्र योगी

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार शायद यह भूल गई कि बहुमत से सत्ता में आने का मतलब यह नहीं है कि देश की मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा सके। कानून को अपनी सुविधा और फायदे के लिए तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिम बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो।

नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इंकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदी वाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की ना तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों को कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंपने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने साफ कहा कि हम विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।

दरअसल, पश्चिम बंगाल सरकार ने एनआईए को जांच ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि किसी भी विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था और यह निर्देश राजनीतिक रूप से पारित किया गया था। राज्य विधानसभा में



विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की तरफ से याचिका डाली गई थी। 27 अप्रैल को हाई कोर्ट ने रामनवमी समारोह के दौरान और उसके बाद हावड़ा के शिबपुर और हुगली जिलों के रिशरा में हिंसा की घटनाओं की एनआईए से जांच कराने का आदेश दिया था। ममता सरकार को कानून को चुनौती देने के साथ भ्रष्टाचार जैसे मामलों में कोर्ट से कोई राहत नहीं मिल सकी। ऐसे ही एक मामले में सरकार ने कोर्ट का रुख किया किन्तु शीर्ष अदालत में जाना सरकार के काम नहीं आ सका। तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अभिषेक बनर्जी की अपील पर सुनवाई में दिया। जिसमें हाईकोर्ट के ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो को कथित घोटाले में उनसे पूछताछ करने की अनुमति देने को चुनौती दी गई थी।

ममता बनर्जी सरकार पश्चिम बंगाल को कैसे देश के बाहर का हिस्सा समझती है, इसका अंदाजा सुप्रीम कोर्ट के पश्चिम बंगाल में फिल्म द केरल स्टोरी से बैन हटाने के निर्णय साबित होता है। शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि जब पूरे देश में फिल्म चल सकती है तो पश्चिम बंगाल में क्या समस्या है। कुछ इसी तरह का रवैया तमिलनाडु सरकार का भी रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को भी दे केरल स्टोरी से बैन हटाने का निर्देश दिया था। बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार पर सवाल उठाए थे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कानून और व्यवस्था बनाए रखना सरकार का कर्तव्य है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य का ये सकारात्मक दायित्व है। इस तरह तो आप समाज में किसी भी 13 लोगों को चुन सकते हैं। अगर किसी एक जिले में कानून व्यवस्था की समस्या है तो वहां फिल्म बैन करिए, जो लोग ना देखना चाहें वो ना देखें। वे कुछ भी प्रतिबंध लगाने को कहेंगे। खेल या कार्टून दिखाने को छोड़कर नियमों का उपयोग जनता की सहनशीलता पर लगाने के लिए नहीं किया जा सकता। अन्यथा सभी फिल्में इसी स्थान पर खुद को पाएंगी। ममता सरकार शायद यह भूल गई कि बहुमत से सत्ता में आने का मतलब यह नहीं है कि देश की मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा सके। कानून को अपनी सुविधा और फायदे के लिए तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता। ममता सरकार ने पूर्व में सुप्रीम कोर्ट से मिली हार से कोई पाठ पढ़ा होता तो ऐसे मामलों में शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़ता। एकता का सुर अलाप रहे विपक्षी दलों को ममता सरकार की कारगुजारी नजर नहीं आ रही।

विपक्षी दल ममता सरकार के विभिन्न मामलों में अदालतों से मिली नसीहत और पराजय पर चुप्पी साधे रहे। इनमें भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था जैसे गंभीर और संवेदनशील मामलों में भी विपक्षी दलों ने ऐतराज तक नहीं जताया। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों पर हमले करने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देती। विपक्षी दलों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग के आरोप लगाने में कसर बाकी नहीं रखी किन्तु कोर्ट के मामलों में पश्चिम बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से मिली विफलता पर कभी उंगली तक उठाने की जरूरत नहीं समझी। यह निश्चित है कि विपक्षी दल जब तक सार्वजनिक तौर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को लेकर तुष्टिकरण की नीति का त्याग नहीं करेंगे तब तक एकता के नाम पर देश के मतदाताओं का विश्वास आसानी से हासिल नहीं कर सकेंगे।

# विश्वकर्मा योजना-चलो ली गई अंतत: असहायों की सुध

आर.के. सिन्हा

कभी यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वालें कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई ? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है। सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकरी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकद्री क्यों की? क्या ए वोट बैंक का हिस्सा नहीं थे ?

राजकपूर की 1954 में रीलिज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने एक लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश,ब्रुश और कपड़े होते हैं। कुछे के पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गए हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं बूट पालिश और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता। कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी । आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे।

विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचिन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये थे। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिए। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। उसमें संगमरमर का भी भरपूर इस्तेमाल भी किया गया। इतिहासकार डॉ स्वपना लिड्डुल कहती हैं कि 卐कुतुब मीनार के मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना,साल्हा, लोला लक्ष्मना भी लिख दिए। उन्होंने यह भी लिख दिया कि उनका सारा काम विश्वकर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।卐 यह सब अब भी लिखा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में संस्कृत में उत्कीर्ण ठेकेदारों तथा मजदूरों के उदगार लिखे मिलते हैं।

बेशक, विश्वकर्मा योजना उन लाखों-करोड़ों लोगों की जिंदगी में ना केवल सकारात्मक बदलावों का वाहक बनेगी बल्कि विकसित भारत का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। भारत की जीडीपी में असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 50 फीसदी है। देश के श्रमबल का 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र में काम करता है। पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों का हमारे समाज में खासा महत्व है। हमारे यहां ऐसे कारीगर बहुतायत है, जो अपने हाथ के कौशल से देशी औजारों का उपयोग करते हुए जीवन बसर करते हैं। हमने कोरोना काल में इन्हें भी धक्के खाते देखा था। तब ये सैकड़ों-हजारों किलोमीटर का सड़क मार्ग से सफर करके अपने गांवों में पहुंचे थे। उस कठिन यात्रा में कई मजदूर मारे भी गये थे। इन्हें सरकार से हर तरह की मदद की जरूरत है। अगर इन्हें कुछ लोन मिलने लगे तो ये अपने काम को चमका सकेंगे। आजादी के बाद देश के पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों को सरकार से जिस मदद की आवश्यकता थी, वो उन्हें नहीं मिल पाई। यही वजह रही कि कइयों को अपना पुश्तैनी और पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने को मजबूर होना पडा। पर इस योजना को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा, ताकि इसका लाभ उन्हें मिले जो इसका सच में पात्र हैं। याद नहीं आता कि पहले कभी कभी कौशल जीवियों के हित में इतनी वृहद योजना शुरू की गई हो।

# बसपा अकेले के चक्कर में वोटकटआ पार्टी बनकर न रह जाये



संजय सक्सेना

समाजवादी पार्टी बसपा के दलित वोट बैंक को अपने में मिलने के लिए काफी समय से हाथ-पैर मार रही थी, उसका यह सपना काफी हद तक घोसी में पूरा हो गया। बसपा सुप्रीमों को यह समझना होगा कि एक बार दलित वोटर ने उनसे किनारा कर लिया तो दोबारा वापसी असंभव नहीं तो मुश्किल जरूरी हो सकती है। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट का नतीजा भारतीय जनता पार्टी से कहीं अधिक बहुजन समाज पार्टी के लिए खतरे की घंटी नजर आ रहा है। घोसी में वोटिंग से चंद घंटे पहले बसपा सुप्रीमों मायावती ने जिस अलोकतात्रिक तरीके से अपने वोटरों से वोट नहीं देने या फिर नोटा का बटन दबाने का आहवान किया था उसे दलित वोटरों ने पूरी तरह से खारिज कर दिया और समाजवादी पार्टी के पक्ष में खुलकर मतदान किया। यदि ऐसा न होता तो घोसी में समाजवादी पार्टी को इतनी बड़ी जीत कभी नहीं मिलती। समाजवादी पार्टी बसपा के दलित वोट बैंक को अपने में मिलने के लिए काफी समय से हाथ-पैर मार रही थी, उसका यह सपना काफी हद तक घोसी में पूरा हो गया। बसपा सुप्रीमों को यह समझना होगा कि एक बार दलित वोटर ने उनसे किनारा कर लिया तो दोबारा वापसी असंभव नहीं तो मुश्किल जरूरी हो सकती है। वैसे भी दलित वोटर अपने लिये नये सियासी ठिकाने की तलाश कर रहा था। इसकी सबसे बड़ी वजह है मायावती का राजनीति से मोहभंग होना। बसपा सुप्रीमों अब राजनीति में काफी कम समय देती हैं। पार्टी के पुराने नेताओं ने भी बसपा से दूरी बना ली है। घोसी उपचुनाव के नतीजे ने बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने के अरमानों को भी बड़ा झटका दिया है। अच्छा होता कि बसपा घोसी चुनाव से दूरी नहीं बनाती, इससे बसपा को कम से कम अपने वोट बैंक में बिखराव तो नहीं देखने को मिलता। मायावती का चुनाव नहीं लड़ने के फैसले पर इस लिए भी उंगली उठ रही है क्योंकि कुछ समय पूर्व आजमगढ़ लोकसभा उप-चुनाव में बसपा ने शानदार प्रदर्शन किया था, भले वह चुनाव नहीं जीत पाई थी ,लेकिन दलितों के साथ-साथ मुस्लिम वोटरों ने भी उसके पक्ष में बड़ी तादात में मतदान किया था, जिसके चलते सपा तीसरे नंबर पर सिमट गई थी। अच्छा होता मायावती आजमगढ़ से निकले ट्रेंड को घोसी में भी अपना प्रत्याशी उतार कर पार्टी के लिए दलित-मुस्लिम वोट बैंक की संभावनाएं बरकरार रखती, लेकिन बसपा की गैरमौजूदगी में हुए चुनाव में कांग्रेस समर्थित सपा की जीत से अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में पिछड़ो-दलितों और अल्पसंख्यकों ( पीडीए ) का समाजवादी पार्टी या आइएनडीआइए की तरफ झुकाव बढ़ने के प्रबल आसार हैं।

राजनीति के जानकार कहते हैं बसपा सुप्रीमों यदि अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करती हैं तो यह उनके लिए आत्मघाती साबित होगा। एनडीए और आइएनडीआइए की सीधी लड़ाई में अकेले चुनाव मैदान में उतरने वाली बसपा को अबकी लोकसभा चुनाव में खाता खोलने तक की चुनौती से जूझना पड़ सकता है। राजनैतिक पंडित समझ ही नहीं पा रहे हैं कि पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव में 21.12 प्रतिशत वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद बसपा घोसी उपचुनाव के मैदान से दूर क्यों रही। यह सच है कि वैसे तो बसपा अमूमन उपचुनाव से दूर रहती है, परंतु घोसी उपचुनाव के बारे में कहा जा रहा है कि बसपा प्रमुख मायावती ने सोची-समझी रणनीति के तहत दूरी बनाए रखी. चूंकि माना जाता रहा है कि ज्यादातर उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी की ही जीत होती है और भाजपा ने घोसी सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए निषाद पार्टी, अपना दल के साथ ही एनडीए में सुभासपा को भी ले लिया इसलिए उसकी ही जीत की संभावना ज्यादा नजर आ रही थीं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और निकली।

दरअसल, मायावती को करीब से जानने वालों को लगता है कि घोसी में भाजपा के जीतने की दशा में मायावती अल्पसंख्यकों को फिर यही समझाने की कोशिश करती कि भाजपा का मुकाबला सपा-कांग्रेस का आइएनडीआइए गठबंधन नहीं कर सकता। बसपा ही लोकसभा चुनाव में अकेले भाजपा को हरा सकती है, इसीलिए उपचुनाव के दरमियान भी मायावती बार-बार यही कहती रहीं कि वह न एनडीए और न ही आइएनडीआइए गठबंधन के साथ हैं। निश्चित तौर पर आइएनडीआइए में शामिल कांग्रेस, रालोद के समर्थन के साथ सपा प्रत्याशी की जीत से मायावती के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की रणनीति को तगड़ा झटका लगा है। माना जा रहा है कि सपा की जीत से लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों का आइएनडीआइए की तरफ झुकाव बढ़ेगा। ऐसे में एनडीए और आइनडीआइए प्रत्याशियों के बीच सीधी लड़ाई होगी। बसपा अकेले चुनाव मैदान में कूदेगी तो यह तय माना जायेगा कि इससे भाजपा को ही ज्यादा फायदा होगा। गौरतलब हो, सपा से गठबंधन कर लोकसभा चुनाव 2019 में 10 सीटें जीतने वाली बसपा वर्ष 2014 में अकेले चुनाव लड़ने पर शून्य पर सिमट कर रह गई थी। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में बसपा को दलितों या अल्पसंख्यकों आदि का जो भी वोट हासिल होगा उसका नुकसान आइएनडीआइए को होगा और सीधा लाभ भाजपा को ही मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आजमगढ़ लोकसभा सीट के उपचुनाव में मायावती ने प्रत्याशी उतारा तो बसपा तो नहीं जीती लेकिन बसपा के लड़ने से सपा चुनाव हारी और फायदे में भाजपा रही थी। इसी तरह यदि घोसी सीट के उपचुनाव के मैदान में बसपा उतरती तो परिणाम पलट भी सकते थे। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उपचुनाव में सपा-बसपा के बीच हार-जीत का अंतर पिछले चुनाव में बसपा को मिले 54,248 मतों से कम रहा है। खैर, अभी बसपा सुप्रीमों के पास सोचने-समझने और रणनीति बनाने के लिए इतना समय तो है ही कि वह कोई भी फैसला लेकर अपने वोटरों तक को अपने फैसले के बारे में अवगत कर दें.बसपा के लिए यही सही रहेगा कि वह चाहें आईएनडीआईए में जाया या फिर एनडीए का हिस्सा बने, दोनों ही दशाओं में उसे फायदा ही होगा.वर्ना बसपा भी वोटकटुआ पार्टी बनकर रह जायेगी।

